हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 30 दिसंबर, 2025

12 रतिया में नशे के खिलाफ मैदान में उतरे एसपी...



12 गोरखपुर अणु विद्युत संयंत्र में 2029 से बिजली उत्पादन शुरू...



## फतेहाबाद में 'कोल्ड डे' जैसे हालात, सुबह घनी धुंध की चादर में लिपटा शहर, विजिबिलिटी 10 मीटर से कम रही, वाहन चालकों को हुई परेशानी

कल से उत्तर पश्चिमी शीत लहर चलने से रात के तापमान में गिरावट आएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने व वातावरण में नमी बढने के चलते सोमवार अलसुबह गहरी धुंध छा गई। सोमवार को जिला पूरी तरह से कोहरे की आगोश में रहा। सुबह के समय धुंध इतनी गहरी थी कि नेशनल हाईवे पर वाहनों की रफ्तार थम गई और हेडलाइट जलाकर भी चलना मुश्किल हो गया। फतेहाबाद में सोमवार को अधिकतम तापमान 21 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 8 डिग्री दर्ज किया गया वहीं हवा में नमी 85 प्रतिशत रही। मौसम विभाग का मानना है कि 30 दिसंबर तक ठंड और बढ़ेगी। 31 दिसंबर को उत्तर पश्चिमी शीत हवाएं चलने से विशेषकर रात के समय तापमान में गिरावट आएगी। सोमवार सुबह 6 बजे से 9 बजे तक शहर और ग्रामीण इलाकों में दृश्यता मात्र 10 से 15 मीटर दर्ज की गई। सुबह के समय विजिबिलिटी काफी कम हो गई, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। नेशनल हाईवे-9 पर ट्रक और बसें रेंगती नजर आईं। हालांकि दोपहर में हल्की धूप निकली, लेकिन ठंडी हवाओं के चलते अधिकतम तापमान 21 डिग्री से ऊपर नहीं जा सका, जिससे दिनभर ठिठुरन बनी रही।

### नेशनल हाईवे-9 पर ट्रक और बसें रेंगती नजर आईं

#### धुंध के चलते 5 घंटे देरी से पहुंची पातालकोट एक्सप्रेस

जाखल। जिले के जाखल जंक्शन से गुजरने वाली कई ट्रेनें सोमवार सुबह घंटों देरी से चलीं। इससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पातालकोट एक्सप्रेस 5 घंटे और हजूर साहिब नांदेड़ एक्सप्रेस 3 घंटे की देरी से चल रही है। अन्य लंबी दूरी की ट्रेनों में फिरोजपुर कैंट एक्सप्रेस और फरक्का एक्सप्रेस सुपरफास्ट अपने निर्धारित समय से 2 घंटे की देरी पर रहीं। इसके अतिरिक्त, फिरोजपुर एक्सप्रेस, दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस, बठिंडा सुपरफास्ट और हिसार-जींद पैसेंजर जैसी ट्रेनें भी 30 मिनट की देरी से चलीं। ट्रेनों की लेटलतीफी के कारण जाखल जंक्शन पर यात्री ठंड में ठिठुरते नजर आए। अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए उन्हें रेलवे स्टेशन पर घंटों इंतजार करना पड़ा। कोहरे के कारण सुबह के समय दृश्यता भी काफी कम रही, जिससे सड़कों पर दोपहिया वाहन भी धीमी गति से चलते दिखे।



फतेहाबाद। धुंध में स्कूल बस का इंतजार करता छात्र।

### फॉग लाइट जलाकर सावधानी से चलाएं वाहन

कई स्थानों पर वाहन चालकों ने फॉग लाइट जलाकर बेहद सावधानी से वाहन चलाए। धुंध के कारण कुछ देर के लिए यातायात की रफ्तार थम सी गई, जिससे लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में अतिरिक्त समय लग गया। घनी धुंध का सबसे अधिक असर स्कूली बच्चों पर पड़ा। सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दृश्यता कम होने के कारण अभिभावक बच्चों को स्कूल छोड़ने में सतर्क नजर आए। कई स्कूलों में बच्चे देरी से पहुंचे। वहीं कुछ अभिभावकों ने धुंध कम होने तक बच्चों को घर से निकलने से रोके रखा। ठंड और धुंध के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर भी अभिभावक चिंतित दिखाई दिए। सुबह और शाम के समय ठिठुरन बढ़ गई है, जिससे लोग गर्म कपड़ों का सहारा लेते नजर आए। बाजारों में भी लोग स्वेटर, जैकेट और शॉल पहने हुए दिखाई दिए। प्रदेश में 31 दिसंबर तक मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील रहेगा। इस दौरान एक और पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के ज्यादातर स्थानों पर बीच बीच में आंशिक बादलवाई रहने की संभावना है। इस दौरान दिन के तापमान में हल्की गिरावट व रात्रि तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है। इस दौरान नमी बढने से ज्यादातर क्षेत्रों में पर अलसुबह व देर रात्रि धुंध भी रहने की संभावना है। इस दौरान 30 दिसंबर तक ठंड और बढने की संभावना है। 31 दिसंबर के बाद उत्तर व उत्तर पश्चिमी शीत हवाएं चलने से विशेषकर रात्रि तापमान में फिर से गिरावट संभावित है।

### मौसम पूर्वानुमानः हरियाणा राज्य में मौसम 2 तक परिवर्तनशील रहने की संभावना

*इस दौरान 30 दिसंबर को शीतलहर चलने की संभावना है परंतु 31 दिसंबर से एक और पश्चिमीविक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 31 दिसंबर रात्रि से 1 जनवरी के दौरान राज्य के ज्यादातर स्थानों पर बादलवाई रहने तथा कहीं कहीं छिटपुट बूंदाबांदी या हल्की बारिश संभावित है। इस दौरान दिन के तापमान में हल्की गिरावट व रात्रि तापमान में हल्की बढ़ोतरी तथा नमी बढ़ने से ज्यादातर क्षेत्रों में पर अलसुबह धुंध भी रहने की संभावना है। परंतु 2 जनवरी से 5 जनवरी के दौरान उत्तर व उत्तर पश्चिमी शीत हवाएं चलने से विशेषकर रात्रि तापमान में फिर से गिरावट संभावित है।*

*-डॉ मदन खीचड़*
*विभागाध्यक्ष*
*कृषि मौसम विज्ञान विभाग*
*चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार*

## खबर संक्षेप

### अनुसूचित जाति के किसानों को मिलेगा अनुदान

फतेहाबाद। जिला में अनुसूचित जाति के किसानों को वर्ष 2025-26 के दौरान एसबी 89 स्कीम के तहत (45 एचपी या उससे ऊपर) अधिकतम 3 लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा। अनुसूचित जाति के किसान जिसके नाम या परिवार पहचान पत्र में किसी सदस्य के नाम कृषि भूमि है, जो मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकृत है तथा पिछले 5 वर्षों में ट्रेक्टर पर अनुदान ना लिया हो। ऐसे पात्र किसान 15 जनवरी तक विभागीय पोर्टल पर अप्लाई कर सकते हैं।

### टास्क के नाम पर 12.24 लाख की ठगी, युवक काबू

फतेहाबाद। ऑनलाइन टेलीग्राम टास्क के नाम पर 12.24 लाख की ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मोहम्मद सोहेल पुत्र जाकिर हुसैन निवासी वार्ड नंबर 3, झुंझुनूं, राजस्थान के रूप में हुई है। इस मामले में इससे पहले एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### पुलिस टीम ने वांछित आरोपी को पकड़ा

सिरसा। पुलिस ने चेक बाउंस मामले में वांछित को गांव खाजाखेड़ा क्षेत्र से काबू किया। पी.ओ. स्टाफ प्रभारी इंस्पेक्टर जनकराज ने बताया कि अदालत द्वारा आरोपियों को बार-बार नोटिस देने पर भी आरोपी अदालत में हाजिर नहीं हुआ। अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर माननीय अदालत ने आरोपी जय कुमार को 25 अगस्त 2025 को पी.ओ. घोषित किया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन सिरसा में बीएनएस की धारा 209 के तहत मामला दर्जकर जांच पी.ओ. स्टाफ सिरसा को सौंपी गई

### चार किलो चूरापोस्त सहित तस्कर गिरफ्तार

चोपटा। नाथुसरी चौपटा थाना की जमाल पुलिस चौकी ने एक व्यक्ति को 4 किलो 114 ग्राम चूरापोस्त सहित काबू किया है। नाथूसरी चौपटा थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि जमाल पुलिस चौकी की एक पुलिस टीम ने गश्त के दौरान जमाल क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान गली में एक व्यक्ति बैग लिए हुए पैदल आता दिखाई दिया। शक के आधार पर पुलिस ने युवक की तलाशी ली।

### फतेहाबाद में पुलिस ने दो नशा तस्करों को पकड़ा

फतेहाबाद। नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने दो मामलों में दो युवकों को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक सैल फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर फतेहाबाद शहर में गश्त पर थी। इसी दौरान नाकाबंदी कर दो युवकों को काबू किया गया।

### इसी सप्ताह नए सिरे से दो साल के लिए लगेंगे टेंडर

## शहर में सफाई ठेके को सरकार ने एक माह के लिए बढ़ाया

*25 दिसंबर को खत्म हो चुका है सनराइज कम्पनी का ठेका*

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

नगरपरिषद द्वारा साऊथ सिटी में सफाई को लेकर दिए गए ठेके की अवधि को एक महीने बढ़ा दिया गया है। इसको लेकर सरकार द्वारा नगरपरिषद को अनुमति प्रदान कर दी गई है। इस दौरान नगरपरिषद पुनः नई एजेंसी को सफाई ठेका देने के लिए टेंडर आमंत्रित करेगी। टेंडर देने की प्रक्रिया इसी सप्ताह शुरू हो जाएगी। इसके बाद शहर की सफाई व्यवस्था सुचारू हो पाएगी। बता दें कि साऊथ सिटी में सफाई ठेके की अवधि खत्म हो गई है। हालांकि पिछले तीन माह से इसी ठेके को बढ़ाया जा रहा है जबकि हर माह एजेंसी के खिलाफ सफाई न करने को लेकर शिकायतें आ रही हैं। नगर परिषद ने पिछले साल 24 सितंबर 2024 को सनराइज एजेंसी सिरसा को एक साल के लिए सफाई का ठेका दिया था। एजेंसी को लालबत्ती चौक से भट्टू रोड, बीघड़ रोड क्षेत्र का सफाई ठेका दिया हुआ है।

इसमें वार्ड 11 से 21 और 24 शामिल हैं। इस साल 24 सितंबर 2025 को एजेंसी का सफाई का ठेका खत्म हो गया था। नगर परिषद ने नए ठेके के बारे में प्रक्रिया ही शुरू नहीं की। तीन माह से इसी ठेके को बढ़ाया जा रहा है जबकि हर माह एजेंसी के खिलाफ सफाई न करने को लेकर शिकायतें आ रही हैं लेकिन शहर में सफाई का कोई विकल्प न होने के चलते सितंबर से लगातार हर माह इसे बढ़ाया जा रहा है। 25 दिसंबर को एजेंसी का ठेका समाप्त होने के बाद आधे शहर की सफाई व्यवस्था बिगड़ कर रह गई। ठेका खत्म होते ही एजेंसी के 70 से अधिक कर्मचारियों ने सफाई कार्य रोक दिया। हालात तब और खराब हो गए, जब नगर परिषद के स्थाई तथा पालिका रोल पर तैनात कर्मचारियों ने भी एजेंसी के निर्धारित क्षेत्रों में सफाई करने से इन्कार कर दिया। इससे कई जगह कचरे के ढेर लग गए। इस कारण आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ा। एजेंसी के कर्मचारी ठेका बढ़ाने की मांग को लेकर नगर परिषद कार्यालय में धरने पर बैठ गए थे। धरने का नगर पालिका कर्मचारी संघ ने भी समर्थन किया और इसमें पार्षद भी शामिल हुए।



फतेहाबाद। शहर में लगे कूड़े के ढेर। *फोटो: हरिभूमि*

#### 136 कर्मचारी सफाई व्यस्था में लगे


*सफाई ठेके को एक माह के लिए आगे बढ़ाया गया है। नगरपरिषद के इस प्रस्ताव को सरकार ने मंजूरी प्रदान कर दी है। इस दौरान नए सिरे से टेंडर प्रक्रिया को भी पूरा कर लिया जाएगा। यह ठेका दो साल के लिए दिया जाएगा। फिलहाल नगरपरिषद के पास कच्चे व पक्के कुल 136 कर्मचारी शहर में सफाई व्यवस्था में लगे है। ठेकेदार के पास 70 से अधिक कर्मचारी सफाई का काम देखते हैं। सरकार द्वारा अनुमति देने से अब शहर में सफाई सुचारू रूप से हो सकेगी।*
*- सुरेश चौहान, ईओ, नगर परिषद।*

#### ठेकेदार के पास काम करते हैं 70 कर्मचारी

सनराइज एजेंसी के पास लालबत्ती चौक से भट्टू रोड, बीघड़ रोड क्षेत्र में सफाई के लिए 70 कर्मचारी काम करते हैं। नगरपालिका कर्मचारी संघ के राज्य उपाध्यक्ष रमेश तुषामड़ का कहना है कि नगर परिषद को पहले वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए लेकिन नहीं की गई है। ठेका खत्म होने से 70 से अधिक सफाई कर्मचारियों को हटा दिया गया जिससे शहर में सफाई व्यवस्था भी चरमरा गई। हटाए गए कर्मचारी सन्नी आदिवाल, सुनील पुआल, नरेन्द्र कुमार, बलजीत सिंह, अमित घोघलिया, रीना रत्ति, गंगा देवी आदि ने कहा कि नगर परिषद ने सनराइज कंपनी को शहर में सफाई का ठेका दिया था। समय पर ठेका न बढ़ाने से परेशानी झेलनी पड़ी थी। अब ठेका अवधि बढने से इन कर्मचारियों को राहत मिली है।

#### मौखिक आदेश पर किया धरना खत्म

धरने की सूचना के बाद नगर परिषद अधिकारियों ने एजेंसी का सफाई का एक माह का ठेका बढ़ाने के मौखिक आदेश देते हुए काम शुरू करने के निर्देश दिए थे। अधिकारियों की तरफ से मौखिक आदेश जारी होने के बाद कर्मचारियों ने धरना खत्म कर दिया था। अब सोमवार को चौथी बार ठेका बढ़ाने के नगरपरिषद के प्रस्ताव को सरकार ने मंजूरी दे दी है। बता दें कि नगर परिषद में 28 स्थायी और 108 पालिका रोल पर कर्मचारी तैनात हैं।



फतेहाबाद। जाखल में प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपते मनरेगा मजदूर।

## मनरेगा मजदूरों का कानून में बदलाव के विरोध में प्रदर्शन

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना/जाखल

मनरेगा मजदूर संघर्ष कमेटी के आह्वान पर सोमवार को जाखल में किसान नेताओं और मनरेगा मजदूर संघर्ष कमेटी की ओर से केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा राष्ट्रीय रोजगार गारंटी कानून में किए गए बदलाव के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इस कानून को बदलकर 'विकसित भारत जी राम जी' नाम देने का विरोध करते हुए इसे रद्द कर पुराने रोजगार गारंटी कानून को बहाल करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के ज्ञापन सौंपा। इसके अलावा टोहाना में भी मनरेगा मजदूरों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम एसडीएम आकाश शर्मा को एक ज्ञापन सौंपा। सोमवार सुबह किसान नेता, मनरेगाकर्मी व मेट जाखल में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में एकत्र हुए, जहां सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान किसान नेता जग्गी महल ने कहा कि मनरेगा राष्ट्रीय रोजगार गारंटी कानून में किए गए बदलाव को सरकार पुराने रोजगार गारंटी कानून को जल्द बहाल करें। इसके साथ ही उन्होंने पुराने मनरेगा कानून में ही मजदूरों को 125 दिन काम और 800 रुपए दिहाड़ी लागू करने की मांग की।इसमें मनरेगा मेटों के रुके वेतन का भुगतान अथवा पानी पिलाने वाले कर्मियों का वेतन का जल्द भुगतान करने की मांग की है। इस मौके पर मनरेगा मजदूर संघर्ष कमेटी के प्रतिनिधि चमकौर तलवाड़ा, रिंकू आजाद, लक्खा मूसा, मिश्रा और किसान कमेटी के प्रतिनिधि निर्मल सरपंच, जस्सा साधनवास, जगतार गोरा व जग्गी महल आदि साथी मौजूद रहे।

#### अन्य मांग

इसके साथ ही मांग की गई है कि जिन लोगों के जॉब कार्ड नहीं बने हैं, उनके नए जॉब कार्ड प्राथमिकता से बनाए जाएं। इसके साथ ही किसान नेताओं द्वारा सरकार को चेतावनी भी दी गई है कि यदि 15 जनवरी तक मनरेगा मजदूरों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो उसके बाद किसान नेताओं और मनरेगा कर्मियों द्वारा बैठक कर आगे के विरोध प्रदर्शन की रणनीति तैयार की जाएगी।

### भूना में बदहाल बिजली व्यवस्था से जनता त्रस्त, दो दिनों से घंटों कटौती

भूना। शहर के फीडर नंबर-2 व 3 से जुड़े बिजली उपभोक्ताओं को पिछले दो दिनों से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली निगम के अधिकारियों की लचर और गैर-जिम्मेदाराना कार्यप्रणाली के चलते इलाके में सुबह 11 बजे से लेकर देर शाम तक बिजली गुल रहती है। हालात ऐसे हैं कि आम लोगों का दैनिक जीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। उपभोक्ताओं का कहना है कि पोल बदलने के नाम पर बिना किसी स्पष्ट कार्ययोजना और समय-सारणी के बिजली सप्लाई बंद कर दी गई है और न ही वैकल्पिक व्यवस्था की गई। घंटों बिजली न रहने के कारण घरेलू उपकरण ठप पड़े हैं, वहीं इनवर्टर चार्ज न होने से रात के समय भी लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। विजेंद्र सिंह, राकेश कुमार, सुभाषचद्र, सुरजीत सिंह, कमला देवी, संतोष रानी, निर्मला देवी आदि उपभोक्ताओं ने बताया कि जब वे बिजली निगम के अधिकारियों को फोन करते हैं तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिलता।

### फतेहाबाद में अतिक्रमण फिर लौटा, शिवालय मार्केट बना अवैध शेड व कब्जों का अड्डा

फतेहाबाद। शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान की पोल एक बार फिर खुलती नजर आ रही है। शिवालय मार्केट सहित शहर के प्रमुख क्षेत्रों में तीन माह पूर्व नगर प्रशासन द्वारा हटाया गया अतिक्रमण पुनः स्थापित हो गया है। सार्वजनिक मार्गों पर अवैध शेड, तख्त, ठेले एवं स्थायी-अस्थायी कब्जों के कारण आमजन की आवाजाही बाधित हो रही है और यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। अतिक्रमण हटाने के बाद न तो सतत निगरानी रखी गई और न ही बार-बार कब्जा करने वालों पर प्रभावी दंडात्मक कार्रवाई की गई। इसी का परिणाम है कि अतिक्रमणकर्ता बिना किसी भय के दोबारा सार्वजनिक मार्गों पर कब्जा जमाने में सफल हो गए। इस गंभीर मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी यूथ विंग हरियाणा के प्रदेश सह सचिव राधेश्याम सोनी ने उपायुक्त फतेहाबाद को पत्र भेजकर उनसे कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण नगर पालिका अधिनियम, यातायात नियमों एवं सार्वजनिक व्यवस्था का खुला उल्लंघन है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ रही है और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। पत्र में उन्होंने मांग की है कि शिवालय मार्केट एवं अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध तुरंत नियमानुसार चालान किए जाएं।

### तीन तस्कर गिरफ्तार, शराब व चूरापोस्त बरामद

- ऐलनाबाद क्षेत्र में पुलिस की बड़ी कार्वाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पुलिस ने ऐलनाबाद क्षेत्र से बड़ी मात्रा में अवैध शराब पकड़ी है। पुलिस ने दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार राजस्थान के हनुमानगढ़ निवासी सुनील व जयसिंह शराब तस्करी कर रहे थे। बोलेरो गाड़ी से पुलिस ने 50 पेटी शराब बरामद की है, जिसकी बाजारी कीमत करीब एक लाख रुपये आकी गई है। एबीवीटी स्टाफ सिरसा प्रभारी गुरमेश सिंह ने सोमवार को बताया कि पुलिस टीम ऐलनाबाद के गांव बेहरवाला क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति गाड़ी में बड़ी मात्रा में शराब लेकर आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने बेहरवाला के पास नाका लगाकर वाहनों की तलाशी शुरू कर दी। इसी दौरान एक बोलेरो गाड़ी आती दिखाई दी जो कि सामने पुलिस टीम को देखकर रूक गई और वापस मुडने लगी। पुलिस ने शक के आधार पर गाड़ी को रोक लिया और तलाशी ली तो गाड़ी से 50 पोटी अवैध शराब बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सुनील व जय सिंह निवासी हनुमानगढ़, राजस्थान के रूप में हुई।



सिरसा। पकड़े गए शराब तस्कर।

### एसपी के नेतृत्व में जिलेभर में चलाया 'ऑपरेशन जीवन ज्योति', नशे के सौदागरों पर किया प्रहार

## पुलिस ने 2025 में 1239 तस्करों को दबोचा, रतिया में नशे का बढ़ता कारोबार बना रहा पूरे साल सिरदर्द

वर्ष 2025 फतेहाबाद पुलिस के लिए जहां ऐतिहासिक उपलब्धियों का वर्ष रहा

- वर्ष 2024 में एनडीपीएस व शराब मामलों में कुल 770 अपराधियों की गिरफ्तारी हुई थी
- नशे के कारण काफी युवाओं ने जान से हाथ धोया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

वर्ष 2025 फतेहाबाद पुलिस के लिए जहां ऐतिहासिक उपलब्धियों का वर्ष साबित हुआ, वहीं अपराधियों और नशा तस्करों के लिए यह वर्ष किसी काल से कम नहीं रहा। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में जिलेभर में चलाए गए विशेष अभियान ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत नशे के कारोबार पर निर्णायक और लगातार प्रहार किया गया। हालांकि क्षेत्र को नशामुक्त करने का अभियान इस दौरान सफल होता नजर नहीं आया। इस साल नशे के कारण काफी संख्या में युवाओं को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। खासकर रतिया क्षेत्र पूरे साल नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर पुलिस के लिए सिरदर्द रहा। इस अभियान के तहत वर्ष 2025 में एनडीपीएस व अवैध शराब तस्करी से जुड़े कुल 1239 अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा गया, जिनमें कई ऐसे पीओ अपराधी भी शामिल हैं, जो वर्षों से पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहे थे। आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2024 में एनडीपीएस व शराब मामलों में कुल 770 अपराधियों की गिरफ्तारी हुई थी, जबकि वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 1239 तक पहुंच गई। इस प्रकार वर्ष 2024 की तुलना में 469 अधिक अपराधियों की गिरफ्तारी दर्ज की गई, जो कि लगभग 61 प्रतिशत की वृद्धि है।



पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन।

#### शराब माफिया के खिलाफ कार्रवाई

| वर्ष | दर्ज मामले | गिरफ्तार आरोपी |
|---|---|---|
| 2024 | 191 | 206 |
| 2025 | 510 | 600 |

| शराब जब्त | 2024 | 2025 |
|---|---|---|
| देशी शराब (बोतल) | 4939.5 | 15,072.25 |
| हथकढ़ शराब (बोतल) | 2499.5 | 3087.23 |
| अंग्रेजी शराब (बोतल) | 28,416 | 30,712.5 |
| बीयर | 2919 | 4032 |
| लाहन | 6995 लीटर | 10,077 लीटर |
| चलती भट्ठियां | 10 | 23 |

*एसपी का संदेशः फतेहाबाद को नशा और अपराध मुक्त बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नियमित गश्त, तकनीकी निगरानी और गुप्त सूचनाओं के आधार पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।*

#### एनडीपीएस मामलों की तुलनात्मक स्थिति

| वर्ष | दर्ज मामले | गिरफ्तार आरोपी | वृद्धि |
|---|---|---|---|
| 2024 | 219 | 434 | - |
| 2025 | 295 | 645 | +211 |

#### नशीले पदार्थों की बरामदगी

| नशीला पदार्थ | 2024 | 2025 |
|---|---|---|
| अफीम | 23.131 किलो | 15.529 किलो |
| चूरा पोस्त | 2036.181 किलो | 2118.696 किलो |
| चरस | 0.16 ग्राम | 18.158 किलो |
| गांजा | 594.297 किलो | 648.947 किलो |
| हेरोइन | 1431.71 ग्राम | 8102.729 ग्राम |
| कोकीन | - | 9.72 ग्राम |
| नशीली टैबलेट | 16,934 | 1,75,000 |
| नशीले इंजेक्शन | - | 250 |
| पोस्त पौधे | 1393 | 325 |
| कमर्शियल मामले | 25 | 41 |

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com

हरिभूमि सहेली

रोहतक मंगलवार
30 दिसंबर 2025





नव-वर्ष विशेष 2026

# स्त्री की संपन्न दृष्टि वाला नया साल

नव-वर्ष का आगमन.. नई आशाओं का सवेरा, भीतर नई ऊर्जा का संचार। इससे भला स्त्रियां कैसे अछूती रहेंगी। इनके लिए नूतन वर्ष नए अर्थ लिए आता है। वे ऐसे धरातल तैयार करती हैं, जिसमें स्त्री की अपनी संपन्न दृष्टि हो, उनकी अस्मिता हो, उनका आत्म-सम्मान हो।

आवरण कथा



कल्पना मनोरमा, साहित्यकार

नया साल कोई हिसाब नहीं, बल्कि समय की वह दहलीज है, जहां प्रकृति स्वयं पुराना उतारकर नए के प्रति आकर्षित होकर उसकी ओर बढ़ती है। पेड़ अपने गिरे पत्ते नहीं चुनते। नदियां पीछे छूटे मोड़ों को नहीं गिनतीं। वे तो नए उत्साह में प्रवाह में बने रहना जानती हैं। प्रकृति का हर नया चक्र यह सिखाता है कि नया आना कोई घटना नहीं, बल्कि एक स्वाभाविक आग्रह है। जीवन की जिद, जो बिना शोर किए आगे बढ़ती रहती है। इसी आग्रह के साथ नया साल आता है। वह एक संभावना की तरह उपस्थित होता है, जिसमें पुराना स्वतः पीछे छूटने लगता है। यह समय स्मृतियों का बोझ ढोने के लिए नहीं, बल्कि चयन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। क्या साथ रखना है और क्या छोड़ देना है।

**वर्तमान को खोलें नए अर्थों के लिए:** नया साल हमें यह अनुमति देता है कि हम कटुतापूर्ण अनुभवों पर मिट्टी डालें और वर्तमान को नए अर्थों के लिए खोलें। यहीं से स्त्री की संपन्न दृष्टि आकार लेती है। वह इस प्राकृतिक आग्रह को पहचानती है। उसकी उमंग किसी प्रतिरोध से नहीं, बल्कि जीवन की उसी सहज गति से जन्म लेती है, जो हर मौसम को बदलने का साहस देती है। स्त्री जानती है कि आगे बढ़ने के लिए कठोर होना जरूरी नहीं, कभी-कभी भरोसा ही सबसे बड़ी शक्ति बन जाता है, इस बात पर कि जीवन की संभावना अब भी शेष है।

**नए साल में तैयार होते हैं नए धरातल:** स्त्री बीते साल से कुछ अनुभव, कुछ चोटें, कुछ सीखें लेकर अपने नए साल का धरातल तैयार करती है। लेकिन अब नए जमाने की स्त्री, पुराने को सहेजकर नहीं रखती। जो कटुता थी, उसे भूलने का संकल्प भी उसकी संपन्न दृष्टि का ही हिस्सा है। भूलना यहां पलायन नहीं है, बल्कि चयन है। वह जानती है कि हर याद को सहेजना आवश्यक नहीं। कुछ स्मृतियों को छोड़ देना ही आगे बढ़ने की शर्त बन जाता है। इसलिए, नया साल उसके लिए प्रार्थना से ज्यादा, क्षमा करने का अभ्यास भी बन जाता है।

**विनम्र भाव से नए साल का करें स्वागत:** आज की पढ़ी-लिखी सचेत स्त्री अपने आपको यह अनुमति देती है कि जो अधूरा रह गया, उसे अपराधबोध में बदलने की बजाय सीख में बदले। नए के लिए स्त्री की विनम्रता उल्लेखनीय होती है। यह विनम्रता आत्मसमर्पण नहीं, बल्कि जीवन के प्रति खुलापन है। वह यह स्वीकार करती है कि सब कुछ उसके नियंत्रण में नहीं होगा, फिर भी वह प्रयास से पीछे नहीं हटती। इस विनम्रता में अहंकार का त्याग है, पर आत्मसम्मान की कमी नहीं। स्त्री नए साल से अपेक्षाएं रखती है, पर उन्हें आदेश की तरह नहीं, संवाद की तरह रखती है। जैसे जीवन से कह रही हो, 'मैं तैयार हूं, तुम जो भी लाओगे, मैं सीखते हुए स्वीकार करूंगी।'



**भीतर से सजने-संवरने का अवसर:** नया साल स्त्री को अपने आप को सजाने-संवारने की ओर भी उन्मुख करता है। यह सजना केवल बाहरी नहीं होता। हालांकि वह कपड़ों, रंगों और आईने के सामने खड़े होने के छोटे-छोटे उत्सवों को भी महत्व देती है, लेकिन असली साज-संवार भीतर की होती है। विचारों की, इच्छाओं की और उस आत्मविश्वास की, जो समय के साथ परिपक्व हुआ है। वह अपने चेहरे पर उम्र की रेखाओं को अस्वीकार नहीं करती। बल्कि वह उन्हें अनुभव का मानचित्र मानती है। सजना उसके लिए स्वयं को स्वीकार करने की प्रक्रिया है, न कि किसी मानक में ढलने की कोशिश या किसी तारीफ पाने का उपक्रम।

**कुछ नया हासिल करने की ताकत रखती है स्त्री:** स्त्री की जिद भी साधारण नहीं होती। वह कुछ नया हासिल करने की ताकत रखती है। यह बात उम्र के साथ बदलते हुए सालों में और स्पष्ट हो जाती है। यह जिद नौकरी, लेखन, अध्ययन, कला या किसी भी व्यक्तिगत लक्ष्य में भी प्रकट हो सकती है। स्त्री बड़े घोषणापत्र नहीं बनाती। वह रोजमर्रा के निर्णयों में अपने संकल्प को जीती है। समय पर 'नहीं' कहना, अपने श्रम की कीमत मांगना, अपनी रुचियों के लिए, समय निकालना। ये सब उसकी उपलब्धियां हैं। स्वयं को अनदेखा न करना भी स्त्री सीख रही है।

**शांत मन से प्रसन्नता की पुनर्खोज:** स्त्री के भीतर प्रसन्नता की पुनर्खोज जारी है। जो बदलते हुए सालों में उजागर होती है। बदलाव की यह प्रसन्नता शोरगुल वाली नहीं होती। पुराने साल की थकान को पीछे छोड़ते हुए, स्त्री नया साल उम्मीद के साथ देखती है। वह जानती है कि चुनौतियां फिर आएंगी, पर वह उनसे डरकर नहीं, तैयारी के साथ मिलती है। उसकी संपन्न दृष्टि उसे यह सिखाती है कि हर संकट स्थायी नहीं होता, और हर बदलाव में संभावना छिपी होती है। वह अब स्वयं को पीड़िता की भूमिका में सीमित नहीं करती। वह कर्ता बनकर आगे बढ़ती है। अपने जीवन की, अपने निर्णयों की साक्षी बनती है।

**स्त्री के आत्म-सम्मान का उत्सव नया साल:** अंततः स्त्री की संपन्न दृष्टि वाला नया साल आत्म-सम्मान का उत्सव कहलाता है। यह उस स्त्री का साल है, जो अपने अतीत से सीखती है। वर्तमान में सजग रहती है और भविष्य के लिए विनम्र आशा रखती है। वह अपने बच्चों के लिए आशीष बनती है और स्वयं के लिए हमदर्द भी। वह सजती है, संवरती है, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आज वह अपने भीतर की रोशनी को पहचानने लगी है।

**समय का बदलना भर नहीं है नव वर्ष:** स्त्री हर पतझड़ के बाद अपने भीतर वसंत को पुनः जी उठती है, टूटकर भी खिल जाना ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। नया साल उसके लिए समय का बदलना भर नहीं। यह अपने आप से किया गया एक शांत, दृढ़ वादा है कि वह जीवन को पूरी उपस्थिति के साथ जिएगी, और हर दिन को अपनी संपन्न दृष्टि से नया अर्थ देगी। और यह बात वह किसी और से नहीं, सबसे पहले अपनी संतति से बार-बार कहेगी। धीरे-धीरे ही सही, दुनिया बदलती जाएगी। खूबसूरत होती जाएगी। अस्तु..।



### बच्चों के प्रति सद्भावनाओं का विस्तार

**स्त्री की** संपन्न दृष्टि बच्चों तक स्वतः पहुंचती है। नया साल उसके लिए बच्चों के प्रति सद्भावनाओं का विस्तार है। उनके लिए सुरक्षित आकाश, निर्भय प्रश्न और सहज हंसी की कामना है। वह चाहती है कि बच्चे केवल सफल न हों, बल्कि संवेदनशील भी हों। केवल तेज न हों, बल्कि करुणामय भी हों। वह जानती है कि बच्चों की खुशी उसकी अपनी खुशी से अलग नहीं है, लेकिन वह यह भी सीख चुकी है कि बच्चों के नाम पर स्वयं को मिटा देना आवश्यक नहीं। इसलिए वह उनके साथ-साथ अपने लिए भी जगह बनाती है। वह अपने सपनों के लिए सचेत होती है।

# बच्चों के लिए स्पेशल बनाएं न्यू ईयर

नए साल का इंतजार और उसका स्वागत बच्चे भी भरपूर उत्साह से करते हैं। आप उनके लिए न्यू ईयर सेलिब्रेशन और आने वाले साल को बहुत स्पेशल बना सकती हैं। इसके लिए आप यहां बताए जा रहे सजेशंस को फॉलो कर सकती हैं।

बच्चे और आप

नृपेंद्र अभिषेक नृप



नव वर्ष के स्वागत का उत्सव, बच्चों के लिए न केवल मौज-मस्ती और खेलने-कूदने का अवसर होता है, बल्कि उनके विकास, शिक्षा और नैतिक मूल्यों में सुधार, उनको नई दिशा देने, नई शुरुआत करने का भी समय हो सकता है।

**किताब पढ़ने को करें प्रेरित:** नव वर्ष के अवसर पर आप अपने बच्चों को उपहार के रूप में किताबें दे सकती हैं। प्रेरणादायक कहानियों, ऐतिहासिक घटनाओं और नैतिक मूल्यों पर आधारित किताबें बच्चों में ज्ञान और रचनात्मकता का संचार करती हैं। यही नहीं अगर उनके साथ आप किताबें पढ़ें तो उनमें पढ़ने की रुचि और बढ़ेगी।

**खेलें आउटडोर गेम्स:** आजकल अधिकतर बच्चे फिजिकल एक्टिविटीज और आउटडोर खेलों से दूर हो रहे हैं। इससे उनमें कई समस्याएं पैदा हो सकती हैं। ऐसे में नए साल में आप स्वयं बच्चों के साथ खेलते हुए उन्हें आउटडोर गेम्स खेलने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। इससे उनमें ऊर्जा-उत्साह बना रहेगा। बैडमिंटन, क्रिकेट या फुटबॉल जैसे खेलों के माध्यम से न केवल उनका शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होगा, बल्कि टीम भावना, नेतृत्व क्षमता का भी विकास होगा।



**टैलेंट को उभारें:** नव वर्ष के अवसर पर बच्चों के लिए नृत्य, गायन या ड्रामा आयोजित किए जा सकते हैं। यह न केवल उनके टैलेंट को सामने लाने का माध्यम बनेगा, बल्कि आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगा। उनके टैलेंट को पहचानकर आने वाले साल में उनको और प्रोत्साहित करें।

**पिकनिक-ट्रैवलिंग:** न्यू ईयर सेलिब्रेशन के तौर पर बच्चों को नेचर के करीब या चिड़ियाघर या ऐतिहासिक स्मारकों के पास घुमाने ले जा सकती हैं। आप आने वाले साल में भी जब मौका मिले, अपने बच्चों को ऐसी जगहों पर घुमाने जरूर ले जाएं। ऐसा करना न केवल उनके ज्ञान को बढ़ाएगा, बल्कि उन्हें प्रकृति और इतिहास के महत्व को समझने का अवसर भी देगा।

**सोशल वर्क:** बच्चों को दूसरों की हेल्प और सोशल वर्क के लिए प्रेरित करने की शुरुआत भी नए साल पर की जा सकती है। जरूरतमंद बच्चों को पुराने कपड़े, खिलौने और किताबें दान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। यह उन्हें दूसरों के प्रति सहानुभूति और मदद का भाव सिखाने में बहुत सहायक साबित होगा।

**पर्यावरण के प्रति जागरूकता:** नए वर्ष पर आप अपने बच्चों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। नव वर्ष स्वागत कार्यक्रम के अवसर पर 'हर बच्चे के लिए एक पौधा' जैसे कार्यक्रम बच्चों को रुचिकर लगेंगे। ऐसी गतिविधि उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व को सिखाएगी।

**स्वच्छता अभियान:** बच्चों को अपने आस-पास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाने के साथ-साथ उनके अंदर जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करेंगी।

**योग-व्यायाम:** बच्चों के शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के लिए योग और व्यायाम वर्कशॉप आयोजित करना कारगर होगा। नव वर्ष की पहली सुबह इसके माध्यम से आप बच्चों को पूरे साल स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

# सकारात्मकता के साथ नव वर्ष में करें प्रवेश

नव वर्ष हमें यह अवसर देता है कि बीते वर्ष में हुई गलतियों को सुधार कर, प्रयासों में रह गई कमी को पहचान कर और सोच में समाई नकारात्मकता को दूर कर हम नई उमंग, नए उत्साह और सकारात्मकता के साथ जीवन में आगे कदम बढ़ाएं। इसके लिए अपनी जीवनशैली और सोच में हमें कुछ परिवर्तन करने होंगे।

जीवनशैली

डॉ. मोनिका शर्मा



नया साल, उम्मीदों और उमंगों की पोटली लेकर आता है। साथ ही नई शुरुआत का हौसला भी लाता है। नव वर्ष, कुछ नए कदम बढ़ाने का मुफीद मौका भी होता है। ऐसे में कुछ छोटे-छोटे बदलावों से हमारी जिंदगी पहले से खूबसूरत बन सकती है।

**बढ़ाएं मेल-जोल:** रिश्ते करीबी हों या दूर के, आज के दौर में लोगों का आपसी मेल-जोल कम ही होता है। यहां तक कि एक ही छत के नीचे रहने वाले लोगों में भी दूरियां आ रही हैं। ऐसे में आने वाले साल में अपनों के साथ मेल-जोल बढ़ाने की सकारात्मक शुरुआत कीजिए। यह समय रहते समझिए कि रिश्तों में जुड़ाव के लिए समय निकालना जरूरी है। वरना एक समय ऐसा भी आता है, जब इंसान के पास समय तो होता है पर रिश्ते कहीं पीछे छूट जाते हैं। अब तो करीबी रिश्तों से लेकर आस-पड़ोस तक मेल-जोल की प्रवृत्ति नहीं दिखती, जबकि यही आपसी जुड़ाव हमारी संस्कृति की पहचान रही है। इस साल जिंदगी की भागम-भाग से कुछ लम्हे रिश्तों को सींचने-सहेजने के लिए निकालिए। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार मजबूत सामाजिक संबंधों वाले लोगों के लंबे समय तक जीवित रहने की संभावना, उन लोगों की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक होती है, जिनके सामाजिक संबंध कम होते हैं। साथ ही स्ट्रेस में कमी, बेहतर मनोदशा, क्रॉनिक डिजीज के जोखिम में कमी और क्वालिटी लाइफ जैसे लाभ तो मिलते ही हैं। ऐसे में बढ़ती सामाजिक-पारिवारिक दूरियों के इस दौर में मिल-जुलकर बैठने-बतियाने के लिए फुर्सत निकालने का रेजोल्यूशन जरूर कीजिए।

**भुलाएं बीती बातें:** बीती कड़वी बातों को भुलाना, रिश्तों में नया रंग भरने की एक खूबसूरत शुरुआत हो सकती है। कई बार रिश्तों में अनबन हो जाती है। ना चाहते हुए भी दूरियां आ जाती हैं। लेकिन जिंदगी इतनी बड़ी नहीं होती कि ऐसे तकलीफदेह वाकयों को हमेशा के लिए रिश्तों में दर्द और दुःख की वजह बना दिया जाए। बीते कल की बातों को भूलना इसीलिए भी अहम है कि समय के साथ संबंधों में आए बदलावों को समझने और साथ चलने के लिए यही पहला कदम है।

**मिलकर खुशियां मनाएं:** साझी खुशियों को जीते हुए रिश्तों में दोबारा नयापन लाया जा सकता है। इतना ही नहीं खुशनुमा साथ, बिखरे रिश्तों को भी जोड़ सकता है। एनर्जी से भरपूर और उत्साहित महसूस करने के लिए साझेपन का भाव जरूरी है। हर वर्ष आने वाली वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट में शेयर्ड हैप्पीनेस एक अहम फैक्टर होता है। किसी भी देश के लोगों का एक-दूसरे के लिए हेल्पफुल होना, मिल-बांटकर रहना हैप्पीनेस का एक महत्वपूर्ण पहलू बनकर सामने आता है। ऐसे में नए साल में तय कीजिए कि आप अपनों के साथ मिलकर खुशियां मनाएंगी।



### सेहत संवारिए

'अच्छा स्वास्थ्य, अंदरूनी शक्ति, शांत मन और आत्मविश्वास लाता है, जो बहुत महत्वपूर्ण है।' यह कहना है दलाई लामा का। जीवन से जुड़े हर भाव को खुशनुमा ढंग से जीने के लिए अच्छी हेल्थ सबसे जरूरी है। कहते भी हैं कि जिंदगी जीने में और स्वस्थ जिंदगी जीने में बहुत फर्क होता है। आजकल मोटापा, हृदय रोग, किडनी से जुड़ी समस्याएं और कैंसर जैसी व्याधियां कम उम्र में ही देखने को मिल रही हैं। ऐसे में समय पर सेहत से जुड़ी परेशानी को लेकर सतर्क होना जरूरी है। शारीरिक सक्रियता और मानसिक शांति का मेल स्वस्थ जीवन की बुनियाद है। इन संकल्पों के साथ नए वर्ष में प्रवेश करें तो निश्चित ही यह वर्ष हर मायने में खुशहाल होगा।

मेकअप

निकिता चौहान

# न्यू ईयर पार्टी के लिए पाएं न्यू मेकअप लुक

नए साल के आने की खुशी में लोग पार्टी खूब एंज्वॉय करते हैं। आप भी ऐसी किसी पार्टी में जरूर शामिल होंगी। पार्टी में अट्रैक्टिव दिखने के लिए डिजाइनर आउटफिट के साथ आपका फेस लुक भी ग्लोरियस होना चाहिए। इस के लिए आपको अपने मेकअप लुक पर पूरा ध्यान देना होगा।

**सबसे पहले बेस बनाएं:** मेकअप करने से पहले इस बात का ध्यान रखें कि आपके फेस पर नमी न रहे। इसके लिए टिशू पेपर या वेट वाइप्स से अच्छे से फेस क्लीन करें। फेस को नमी देने के लिए अच्छा-सा मॉयश्चराइजर लगाएं। अपने मेकअप को ज्यादा देर तक रखने और फेस को स्मूथ बनाने के लिए प्राइमर लगाएं। इसके बाद अपनी स्किन के कलर के अनुसार फाउंडेशन लगाएं। आंखों के डार्क सर्कल्स, फेस पिगमेंटेशन और दाग-धब्बों को कवर करने के लिए कंसीलर का इस्तेमाल करें। इन स्टेप्स से आपका बेस मेकअप परफेक्ट और पूरी तरह नेचुरल लगेगा।



**ऐसे करें आई मेकअप:** हमारे ओवर ऑल लुक को कंप्लीट करने के लिए आंखों का मेकअप परफेक्ट होना जरूरी है। न्यू ईयर पार्टी के लिए ब्लैक या सिल्वर स्मोकी आई लुक बहुत स्टाइलिश लगेगा। अगर आप हल्का शिमर चाहती हैं तो गोल्ड, सिल्वर या शिमरी आईशैडो लगाएं। विंग्ड आई लुक पाने के लिए आईलाइनर का इस्तेमाल करें। यह आपकी आंखों को अट्रैक्टिव बनाएगा। सबसे आखिरी में मस्कारा लगाकर अपनी आई लैशेस को वॉल्यूम दें। यह आपकी आई लैशेज को घना दिखाएगा।

**हाइलाइटर लगाएं:** आई मेकअप के बाद आप अपने हाइलाइट पॉइंट्स पर हाइलाइटर जरूर लगाएं। हाइलाइटर आपके फेस को ग्लोइंग लुक देता है। ध्यान रखें कि हाइलाइटर को चीक बोन, नोज की टिप और आईब्रो के नीचे के हिस्से पर लगाएं।

**ब्लश है जरूरी:** ब्लश आपकी स्किन को नेचुरल लुक देता है। ब्लश से पूरा मेकअप लुक कंप्लीट होता है। आप अपनी स्किन टोन के हिसाब से ब्लश चूज करें। इस बात का ध्यान जरूर रखें कि ब्लश को ज्यादा डार्क न लगाएं। ब्लश को लगाते समय हल्के हाथों से लगाएं, इससे आपका ब्लश डार्क नहीं होगा और यह नेचुरल लगेगा।

**लगाएं न्यूड लिपस्टिक:** लिपस्टिक लगाने से पहले ध्यान रखें कि लिप्स पर आउटलाइन करने के लिए लिप लाइनर का इस्तेमाल करें। आजकल न्यूड लिपस्टिक का ट्रेंड बहुत है। अपने स्किन टोन के हिसाब से लिपस्टिक का प्रयोग करें।

**मेकअप सेटिंग स्प्रे:** अपने मेकअप को लंबे समय तक सेट रखने के लिए मेकअप सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करें। मेकअप सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करके आप अपने न्यू ईयर पार्टी लुक को लंबे समय तक बनाए रख सकती हैं, जिससे आपका मेकअप काफी देर तक ताजगी से भरा दिखेगा।

(ब्यूटी एक्सपर्ट तरन्नुम खान से बातचीत पर आधारित)

भावनाएं

# नूतन वर्ष नए सपने-नई उम्मीदें

नए साल में हम नई आशा के साथ नई योजनाएं बनाते हैं ताकि अपनी पहचान को बढ़ाएं। **सहेली** ने अपने-अपने क्षेत्र की कई जानी-मानी महिलाओं से पूछा कि वे नए साल के आगमन को कैसे देखती हैं, बीता साल उनके लिए कैसा रहा और नए साल में उनकी क्या योजनाएं हैं?

### नया साल याद दिलाता है हर सुबह खुद में बदलाव लाने का मौका देती है

रीता गंगवानी, ग्रूमिंग एक्सपर्ट



**मेरे लिए** नया साल शोर-शराबे का उत्सव नहीं, बल्कि ठहरकर सोचने का अवसर है। यह वह समय होता है, जब मैं खुद से पूछती हूं कि मैंने बीते साल में क्या सीखा, क्या छोड़ा और क्या-क्या समझा? मैं नए साल का स्वागत आभार और एक स्पष्टता के साथ करती हूं। पुरानी थकान को पीछे रखकर, जीवन को थोड़ा और समझदारी से जीने का संकल्प लेकर आगे बढ़ती हूं। मेरे लिए नया साल यह याद दिलाता है कि हर सुबह खुद में बदलाव लाने का मौका देती है। बीते साल की बात करूं, तो उसे किसी एक उपलब्धि या घटना से नहीं, बल्कि अपने भीतर आए बदलाव से याद रखूंगी। यह साल मुझे सिखा गया कि हर बात पर प्रतिक्रिया देना जरूरी नहीं और खुद को समझना भी एक बड़ी उपलब्धि है। मैंने इस साल धैर्य स्वीकार कर आत्मसम्मान का अर्थ थोड़ा और गहराई से समझा। यही मेरे लिए इस साल की सबसे यादगार सीख है। नए साल में मेरा संकल्प है-खुद के साथ समझौता नहीं करना। मैं अब दूसरों की अपेक्षाओं के अनुसार खुद को छोटा नहीं करूंगी और न ही अपनी सीमाओं के लिए कोई सफाई दूंगी। मेरा लक्ष्य है, जीवन को तेज नहीं, बल्कि सार्थक बनाना। कम काम करना है, पूरे मन से करना। कम लोगों से जुड़ना है, लेकिन सच्चे रिश्ते बनाना है। मैं चाहती हूं कि जब यह साल खत्म हो, तो मैं यह कह सकूं कि मैंने अपने सच के साथ ईमानदारी बरती।

### नए साल में हम नई उमंग के साथ नए अवसर तलाशते हैं : सेजल शाह, एक्ट्रेस



**इन दिनों** सेजल शाह सोनी सब के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में मधुमिता माहेश्वरी का रोल निभा रही हैं। उनके लिए नया साल एक नई शुरुआत का प्रतीक है। सेजल कहती हैं, 'जो बीत गया, उसे पीछे छोड़कर नए साल में हम नई उमंग के साथ नए अवसर तलाशते हैं ताकि हम आगे बढ़ें, तरक्की करें। नए साल में मेरी सबसे पहले यही कोशिश होगी, अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दूं। अपने खान-पान के प्रति सजग रहूं। बाहर का न खाऊं और अधिक से अधिक घर का पौष्टिक भोजन करूं। व्यस्त दिनचर्या के बावजूद खुद के लिए समय निकालकर नियमित व्यायाम करूं। इन दिनों स्वास्थ्य को लेकर मैं बहुत ज्यादा सतर्क हूं, क्योंकि हाल ही में मेरे पति को ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। इसने मुझे एहसास दिलाया कि गलत खान-पान और अव्यवस्थित जीवनशैली किस तरह हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती है। नए साल में मेरा संकल्प है, मैं अपनी दिनचर्या और स्वास्थ्य पर पहले से कहीं ज्यादा ध्यान दूंगी। जहां तक मेरे काम का सवाल है, तो इस मोर्चे पर मैं खुद को खुशनसीब मानती हूं कि मुझे 'पुष्पा इंपॉसिबल' में मधुमिता माहेश्वरी जैसा सशक्त किरदार निभाने का अवसर मिला। नए साल में इस किरदार में एक नया आयाम जोड़ा जा रहा है। इसके कुछ ग्रे शेड्स इसे और रियल बनाएंगे। मैं हमेशा कुछ अलग और नया करने में विश्वास करती हूं। मैंने यह महसूस किया है कि कोई भी किरदार, चाहे पॉजिटिव हो या नेगेटिव, अगर उसे पूरी शिद्दत से निभाया जाए, तो बहुत प्रभावशाली हो जाता है। उम्मीद है, जिस तरह अभी तक दर्शकों का 'पुष्पा इंपॉसिबल' को प्यार मिला है, आगे भी मिलता रहेगा।'

प्रस्तुति: अंशु सिंह

## खबर संक्षेप

### नव वर्ष पर होगा अखण्ड हनुमान चालीसा का पाठ

**हिसार।** नव वर्ष के उपलक्ष्य में श्रीरामभक्त हनुमान मंदिर, गली नम्बर-2 जवाहर नगर में 24 घंटे का सामूहिक अखण्ड राममय हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। मंदिर समिति के प्रधान इन्द्रचंद राठी ने बताया कि 31 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे पाठ शुरु किया जाएगा जो निरंतर चलते हुए एक जनवरी को प्रातः 8 बजे संपन्न होगा।

### निगम ने 3 घोड़े को पकड़कर भेजा गो-अभ्यारण

**हिसार।** निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार तथा अतिरिक्त आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा के निर्देशानुसार पर बेसहारा पशुओं को पकड़े जाने का अभियान लगातार जारी है। अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा रहे। सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि निगम की टीम ने सोमवार को सेक्टर 16-17 से 3 घोड़ों को पकड़कर गौ-अभ्यारण भेजा गया। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।



**हिसार।** दांतों की जांच करती डॉक्टर।

### नए साल पर लगेगा दांतों की जांच के लिए कैंप

**हिसार।** डॉ. सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री पर नववर्ष के उपलक्ष्य में एक जनवरी से निशुल्क अलाइनर और ब्रेसिस कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कैम्प 15 जनवरी तक चलेगा। डॉ. सचिन मित्तल ने बताया कि इस कैम्प मे स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम द्वारा लोगों के दांतों की जांच करेंगे। दांत व्यक्ति के चेहरे और मुस्कुराहट को निखारतें हैं, यदि दांत टेढ-मेढ़े हो तो इसका असर व्यक्ति पर पड़ता है। इस कैम्प में ऐसे दांतों की जांच की जाएगी।



**हांसी।** परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को भगवत गीता भेंट करती स्कूल प्राचार्या ऋतु सिंह व अन्य।

### एसडी में किया भगवत गीता कक्षाओं का आयोजन

**हांसी।** एसडी मॉडर्न स्कूल में छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए चार दिनों तक भगवद गीता पर आधारित कक्षाओं का आयोजन किया गया। इन कक्षाओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चार दिन की कक्षाओं के उपरांत विद्यार्थियों की समझ को परखने हेतु भगवदगीता से संबंधित परीक्षण भी लिया गया।

### हिसार स्वदेशी मेला की समीक्षा बैठक

**हिसार।** स्वदेशी जागरण मंच ने हिसार गौरव स्वदेशी मेले की समीक्षा करने के लिए कैमरी स्थित सुरभि आर्ट फिल्म सिटी में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की। इस बैठक में 70 से अधिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया और अपने-अपने विचार साझा किए। इस दौरान स्वदेशी मेला प्रांतीय प्रमुख अनिल गोयल ने स्वदेशी मेले की सफलता की बधाई देते हुए कमियों को दूर करके मेले को अधिक व्यापक करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी की अलख जगाने के लिए विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### सुखविंदर बने वेटर एसो. उकलाना के प्रधान

**उकलाना।** वेटर एसोसिएशन उकलाना की बैठक में सर्वसम्मति से सुखविंदर सिंह दुग्गल को एसोसिएशन का प्रधान चुना गया। बैठक में एसो. की नई कार्यकारिणी गठित की। प्रधान बनने के बाद सुखविंदर ने बताया कि एसो. ने वेटरों के लिए अहम फैसले लिए हैं और काहा की विवाह समारोहों में वेटर शाम 5 बजे तक कार्य करेंगे, जबकि रात्रि विवाह समारोहों में रात 2 बजे तक कार्य की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

## लगातार दूसरे दिन भी हिसार प्रदेश में सबसे ठंडा

# हाड़ कंपा देने वाली सूखी ठंड के तेवर हुए प्रचंड

*दिनभर चली उत्तर-पश्चिमी हवाओं ने लोगों की कंपकंपी छुड़वाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हाड़ कंपा देने वाली सूखी ठंड अपने तेवरों को प्रचंड किया हुआ है। लगातार दूसरे दिन भी हिसार का रात्रि पारा 2.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह प्रदेश में सबसे कम है। दिनभर चली उत्तर-पश्चिमी हवाओं ने लोगों की कंपकंपी छुड़वाई रखी। हिसार व आसपास के क्षेत्रों में सुबह के समय घनी धुंध छाई रही। इसके कारण रेल व परिवहन सेवाओं का असर देखा गया। लंबी दूरी की रेलगाड़ियां हिसार रेलवे से अपने निर्धारित समय से 4 घंटे से भी अधिक देरी के साथ आवागमन कर रही थी।

उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण लोगों घरों और कार्यालयों में दुबके नजर आए। भीषण ठंड और कोहरे के चलते सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है। छोटे-छोटे बच्चे स्कूल बसों में दुबके हुए नजर आए। सुबह के समय गहरी धुंध और भीषण ठंड के चलते व्यस्तम बाजारों में भी रौनक नहीं दिखाई दी। वहीं घने कोहरे के चलते वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है। वहीं खेतों में ओंस की बूंदे पाले की तरह जमी हुई दिखाई दी। वहीं दोपहर के समय खिल रही तेज धूप ठंड से कुछ राहत दिलाने का काम कर रही है।



**हिसार।** सरसों की फसल पर छाई धुंध। फोटो: हरिभूमि

**बड़े पैमाने पर बदलाव की संभावना:** राजकीय महाविद्यालय नारनौल के पर्यावरण क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. चंद्रमोहन के अनुसार आने वाले दिनों में हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम में बड़े पैमाने पर बदलाव होने की संभावना बनती नजर आ रही है। क्योंकि एक मध्यम श्रेणी का पश्चिमी विक्षोभ 30-31 दिसम्बर को उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर भारी बर्फबारी होने की और मैदानी राज्यों में विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में 31 दिसम्बर से 2 जनवरी के दौरान हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी और उत्तरी जिलों में एक दो स्थानों पर ओलावृष्टि को नकारा नहीं जा सकता।

### 18 साल में दिसंबर महीना रहा सूखा

आईएमडी के आंकड़े बताते है कि 18 सालों में पहली बार दिसम्बर महीना बिल्कुल शुष्क बना रहा अन्यथा दिसम्बर महीने में आमतौर पर एक दो सशक्त पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में बारिश की गतिविधियां देखने को मिल जाती है। इस साल कमजोर पश्चिमी विक्षोभों ने ठंड के तेवरों को भी ढीला बना कर रख दिया। इनसे उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर केवल हल्की बर्फबारी हुई और मैदानी राज्यों में केवल बादलवाही हुई और इनसे बार बार तापमान में उतार चढाव ही देखने को मिला। सम्पूर्ण इलाके में कड़ाके की ठंड की गतिविधियां नदारद है। हालांकि छोटे छोटे अंतराल पर शीत लहर, धुंध कोहरा, शीत दिवस,पाला जमने की गतिविधियों को दिसम्बर महीने में देखने को मिलीं।

## स्वयं सेविकाओं को पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक कर्तव्यों के प्रति किया जागरूक

- सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का छठा दिन विविध सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के साथ संपन्न हुआ। प्रातः कालीन सभा में स्वयं सेविकाओं ने लक्ष्य गीत, योगाभ्यास एवं प्रार्थना के साथ दिन की शुरुआत की।

विद्यालय प्राचार्या रेणु बंसल ने स्वयं सेविकाओं को स्वच्छ भारत अभियान, नारी सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक गतिविधियों एवं समूह चर्चा के माध्यम से छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान किया गया। एनएसएस स्वयं सेविकाओं के द्वारा एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इसमें बताया गया कि किस प्रकार प्रतिदिन लड़कियों एवं महिलाओं को समाज विरोधी असामाजिक तत्वों के द्वारा छेड़छाड़ का सामना करना पड़ता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से पीड़ित महिला व लड़की का साथ देने व आरोपित व्यक्ति को दंडित करने का आह्वान किया। शिविर के सफल संचालन में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रमता रानी एवं समस्त विद्यालय स्टाफ का विशेष योगदान रहा।




**हांसी।** एनएसएस शिविर के दौरान नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करती स्वयं सेविकाएं।

### ओरिएंटेशन कार्यक्रम नए विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक : मनोज रोज

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के कॉलेज ऑफ वेटरनरी साइंस के सहयोग से इंडियन नॉलेज सिस्टम (आईकेएस) सेल की ओर से शैक्षणिक सत्र 2025–26 के प्रथम वर्ष बीवीएससी एवं एएच के विद्यार्थियों के लिए वेटरनरी सभागार में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा के मार्गदर्शन यह कार्यक्रम कॉलेज ऑफ वेटरनरी साइंस के अधिष्ठाता डॉ. मनोज रोज के निर्देशन में हुआ। ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान डॉ. अर्चना लोहिया ने लुवास के इंडियन नॉलेज सिस्टम्स (आईकेएस) सेल के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत में अधिष्ठाता डॉ. मनोज रोज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि ओरिएंटेशन कार्यक्रम नए विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे विद्यार्थियों को कॉलेज, शैक्षणिक व्यवस्था, नियमों तथा आगे की पढ़ाई से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी आसानी से मिलती है, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ अपनी पढ़ाई की शुरुआत कर सकें।



**हिसार।** ओरिएंटेशन कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

## मजदूरों व किसानों की एकजुटता के साथ होंगे बड़े आंदोलन : डॉ. इंद्रजीत

*16 को हिसार लघु सचिवालय के समक्ष होगा प्रदर्शन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

अखिल भारतीय किसान सभा व अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन ने एसडीएम कार्यालय पर किसानों और मजदूरों की बड़ी पंचायत का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता, किसान सभा बरवाला प्रधान मा. कर्मबीर जलन्धरा, खेत मजदूर यूनियन के जिला प्रधान डॉ. मियां सिंह बिठमड़ा व किसान सभा उकलाना के प्रधान मा. फूल सिंह पाबड़ा ने संयुक्त रूप से की। मंच का संचालन सचिव खेत मजदूर यूनियन के नेता रोहतास राजली, किसान सभा के सचिव प्रदीप बूरा व सत्यवान रेढू ने किया। इस पंचायत में मुख्य वक्ता डॉक्टर इंद्रजीत सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा और मास्टर बलबीर सिंह प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा रहे। इंद्रजीत सिंह ने कहा कि मजदूरों व किसानों की एकजुटता के साथ राज्य व राष्ट्रव्यापी बड़े आंदोलन होंगे। पंचायत के दौरान राष्ट्रपति के नाम एसडीएम बरवाला के मार्फत नायब तहसीलदार रविन्द्र शर्मा को पंचायत के माध्यम से मांगों का ज्ञापन सौंपा।



**बरवाला।** बड़ी पंचायत के प्रतिनिधि राष्ट्रपति के नाम एसडीएम के मार्फत नायब तहसीलदार रविंद्र शर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### 16 जनवरी को की जाएगी अंदोलन की शुरुआत

जिला प्रधान कपूर सिंह बगला व जिला सचिव सरबत सिंह पूनिया ने कहा कि सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ 16 जनवरी को हिसार उपायुक्त कार्यालय पर जिला स्तरीय प्रदर्शन कर निर्णायक आंदोलन की शुरुआत की जाएगी। इस बड़ी पंचायत में कपूर सिंह बगला, सरबत सिंह पूनिया, मियां सिंह, रोहतास राजली, शमशेर सिंह नंबरदार, दिनेश सिवाच, संदीप धीरणवास, कमल कायत आदि मौजूद थे।

### राष्ट्रीय चेतना काव्य मंच की काव्य गोष्ठी आयोजित

**उकलाना।** राष्ट्रीय चेतना काव्य मंच उकलाना की ओर से स्थानीय महाराजा अग्रसेन पार्क में नववर्ष के उपलक्ष्य में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में साहित्य, हास्य और राष्ट्रचेतना की त्रिवेणी देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिसार से पधारे प्रख्यात साहित्यकार शुभकरण गोड रहे, जबकि अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष सत्य भूषण बिंदल ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सतीश दनोदा एवं राष्ट्रीय कवि रामकुमार रानोलिया ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि शुभकरण गोड ने कविता को समाज का आईना बताते हुए कहा कि कविता मनुष्य को जीवन की सच्चाइयों से जोड़ती है। इस मौके पर सत्य भूषण बिंदल, रामकुमार रानोलिया, देवीलाल धामू, भगवान दास चावला, राजकुमार गर्ग, दीपक प्रताप, जाट जुगाड़ी लितानी आदि ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की।

## अटल का संपूर्ण जीवन आज की राजनीति के लिए एक आदर्श और प्रेरणास्त्रोत : डॉ. गुप्ता

- अटल जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हिसार में अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भाजपा जिला कार्यालय में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन हिसार विधानसभा स्तर पर गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेड़ड़ ने की। मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला प्रभारी जवाहर सैनी, प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेन्द्र, मेयर प्रवीण पोपली तथा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रो. मनदीप मलिक विशेष रूप से मौजूद रहे। मंच संचालन विधानसभा संयोजक राम चंद्र गुप्ता ने किया। मुख्य वक्ता डॉ. कमल गुप्ता ने अपने उद्बोधन की शुरुआत अटल जी की कविताओं से करते हुए उनके ओजस्वी व्यक्तित्व और राष्ट्रनिष्ठ विचारधारा को स्मरण किया। उन्होंने अटल सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पोखरण में परमाणु परीक्षण, कारगिल युद्ध में भारत की निर्णायक जीत तथा चतुर्भुज सड़क परियोजना को राष्ट्र निर्माण की दिशा में मील का पत्थर बताया।



**हिसार।** पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला महामंत्री कृष्ण सरसाना, जिला उपाध्यक्ष संजीव रेवड़ी, सुरेश गोयल धूप वाला, राम चंद्र गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष लोकेश असीजा, दीपक अग्रवाल, राहुल सैनी, कृष्ण बिश्नोई, प्रोमिला पुनिया, डॉ. उषा सिंह, नीलम टुटेजा, सतीश सुरलिया, शंकर गोस्वामी, अनुज जैन, रंजीव राजपाल आदि उपस्थित रहें।

## रामस्वरूप धायल को दी श्रद्धांजलि



**उकलाना मंडी।** स्व. रामस्वरूप धायल की श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित नागरिक।

**उकलाना मंडी।** गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के अध्यक्ष एवं कच्चा आढ़ती एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रामस्वरूप धायल के निधन उपरांत उनकी स्मृति में गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों, शिक्षाविदों एवं परिजनों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उकलाना से बहन दीदी किरण ने प्रवचन देते हुए कहा कि रामस्वरूप धायल ने अपने जीवनकाल में शिक्षा, समाज सेवा और व्यापारिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। श्रद्धांजलि सभा में उनके पुत्र बलवान धायल, संजय धायल, भाई सतबीर धायल, पुत्र अभिषेक धायल, मानव धायल सहित संपूर्ण धायल परिवार उपस्थित रहा। आसपास के क्षेत्र से आए सैकड़ों लोगों ने पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## बाबा बालक नाथ की 32वीं पैदल यात्रा रवाना

*जय बाबे दी–जय माता दी के जयघोष से गूंज उठा मंदिर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

तरसेम नगर स्थित सिद्ध बाबा बालक नाथ एवं दुर्गा माता मंदिर से 32वीं पैदल यात्रा लुधियाना के लिए रवाना हुई। पैदल यात्रा मंदिर के मुख्य सेवक रामचरण गुप्ता के नेतृत्व में शुरू हुई। यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर मंदिर प्रांगण जय बाबे दी, जय माता दी के जयघोष से गूंज उठा। पैदल यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। इस पैदल यात्रा में सैंकड़ों की संख्या में पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग व महिला श्रद्धालु शामिल थे।

पैदल यात्रा से पूर्व श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मंदिर के मुख्य सेवक रामचरण गुप्ता ने कहा कि हमें भगवान के नाम का सच्चे मन से सिमरन करना चाहिए, न कि किसी की निंदा या चुगली। उन्होंने श्रद्धालुओं से सच्चे मन से भगवान का सिमरन करने का आह्वान किया। नववर्ष के अवसर पर 3 जनवरी को यह पैदल यात्रा लुधियाना की घुमार मंडी स्थित सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर पहुंचेगी।लुधियाना पहुंचने पर पैदल यात्रा का भगत संजीव कुमार महाराज द्वारा बाबा बालक नाथ जी की भेंट से श्रद्धालुओं का स्वागत किया जाएगा। हिसार से चला बाबा बालक नाथ का झंडा 3 जनवरी को लुधियाना मंदिर में पहुंचने पर भगत संजीव कुमार महाराज द्वारा चढ़ाया जाएगा। इसके बाद श्रद्धालुओं का जत्था भगत संजीव कुमार महाराज के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश के शाहतलाई स्थित बाबा बालक नाथ की गुफा के लिए रवाना होगा।



**हिसार।** बाबा बालक नाथ मंदिर से रवाना होती पैदल यात्रा। *फोटो : हरिभूमि*

## नेटबॉल में टेरेसा हाउस की जीत



**हिसार।** नेटबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी।

- नेटबॉल प्रतियोगिता में भगत सिंह हाउस रहा प्रथम

**हिसार।** होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नेटबॉल इंटर–हाउस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्र–छात्राओं ने पूरे जोश, अनुशासन और खेल भावना के साथ भाग लिया। छात्राओं की नेटबॉल प्रतियोगिता में टेरेसा हाउस ने प्रथम स्थान, टैगोर हाउस ने द्वितीय स्थान, कलाम हाउस ने तृतीय स्थान तथा भगत सिंह हाउस ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्रों की नेटबॉल प्रतियोगिता में भगत सिंह हाउस ने प्रथम स्थान, कलाम हाउस ने द्वितीय स्थान, टैगोर हाउस ने तृतीय स्थान तथा टेरेसा हाउस ने चतुर्थ स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता का सफल संचालन विद्यालय के खेल विभागाध्यक्ष रामनिवास श्योकंद के कुशल नेतृत्व में किया गया, जिसमें कोच नीतू मोर एवं सहायक कोच मीनाक्षी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु एवं प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने विजेता टीमों को बधाई दी।

### राजकीय विद्यालय, में 7 दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**बरवाला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सरसौद बिचपड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। इस शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप भ्याण सरसौद द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके उपरांत सभी स्वयंसेवकों द्वारा लक्ष्य गीत का सामूहिक गायन किया गया, जिससे वातावरण सेवा और राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो गया। इस शिविर को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्राचार्य सुमन राठी ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास, उद्देश्य एवं महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**भंडार** | मानव उत्थान सेवा समिति ने नववर्ष के उपलक्ष्य में भजन कीर्तन का आयोजन कर भंडारा लगाया

# ज्ञान नेत्र के बोध से ही भगवान के परम स्वरूप के दर्शन संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

विश्व विख्यात आध्यात्मिक एवं सामाजिक संस्था मानव उत्थान सेवा समिति की कैमरी रोड स्थित स्थानीय इकाई के तत्वावधान में श्री हंस सेवा मंदिर में गत दिवस मानव धर्म के प्रणेता एवं आध्यात्मिक गुरु सतपाल महाराज के पौत्र श्रीयांश का पावन जन्मोत्सव एवं नए साल के उपलक्ष्य पर शाखा प्रभारी महात्मा श्री गौरा बाई के दिशा निर्देशन में भजन साधना, सत्संग व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। सत्संग का शुभारंभ मंत्रमुग्ध भजनों से हुआ तत्पश्चात समिति की आत्म अनुभवी साधिका महात्मा गौरा बाई ने अपने दिव्य सत्संग प्रवचनों से उपस्थित जनसमूह को आध्यात्मिक आनंद से अभिभूत किया। अपने प्रवचन में बाई जी ने कहा कि जब तक साधक को ज्ञान नेत्र अथवा तीसरी आंख का बोध नहीं होता तब तक भगवान के परम स्वरूप का दर्शन असंभव है। इस पावन अवसर महात्मा चन्द्रज्योति बाई ने कहा कि हम सभी गुरु महाराज की दया और कृपा से उस पवित्र नाम को जो भगवान कृष्ण ने अर्जुन को कुरुक्षेत्र में दिया था जान सकते हैं। इस नाम को जानकर भजन सुमिरन करें तभी मानव का कल्याण होगा।



**हिसार।** भंडारे में प्रसाद वितरित करती साध्वी गौरा बाई, चन्द्रज्योति बाई व समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

सत्संग उपरांत बधाई भजनों के कार्यक्रम में पूरा जनसमूह मंत्रमुग्ध होकर नाचने लगा। अंत में बाई जी व सभी भक्तों ने श्रीयांश की दीर्घायु की कामना करते हुए उनके यशस्वी एवं तेजस्वी जीवन की कामना की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया कि व कामना की कि इसी तरह के सार्वजनिक भंडारे का आयोजन भविष्य में भी होता रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी श्रद्धालुओं व आमजन का पूरा सहयोग रहा।

### बाबा जमनीदास गुरुद्वारा में शबद कीर्तन के साथ होगा नववर्ष का स्वागत

**हिसार।** प्रबंधक कमेटी बाबा जमनी दास पंचायती गुरुद्वारा आठ मरला कालोनी पटेल नगर द्वारा नववर्ष के आगमन पर गुरुद्वारा में शब्द कीर्तन कर नवां साल गुरुआं दे नाल 31 दिसम्बर को रात्रि में शबद कीर्तन कर हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। प्रबंधक कमेटी बाबा जमनी दास पंचायती गुरुद्वारा साहिब के प्रधान सूबेदार हरमिंद्र सिंह, सचिव भूपेंद्र पाहवा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नववर्ष के आगमन पर गुरुद्वारा साहिब में रात्रि 9 बजे शब्द कीर्तन का आयोजन किया जाएगा जो रात 12 बजे तक चलेगा। इस अवसर पर गुरुघर से जुड़ी बीबीयों व बच्चों द्वारा सुखमणी साहिब के पाठ व शबद कीर्तन का गायन होगा।

## खबर संक्षेप

### मन की बात कार्यक्रम में फतेहाबाद तीसरे स्थान पर

फतेहाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 129वें संस्करण को सुनने के मामले में फतेहाबाद जिला प्रदेश में तीसरे स्थान पर रहा है। 28 दिसम्बर को प्रसारित इस कार्यक्रम में फतेहाबाद जिले ने के सभी 708 बूथों पर शत-प्रतिशत बूथ रिपोर्टिंग सुनिश्चित की। इस उपलब्धि पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने जिले की मन की बात टीम, सभी मंडल अध्यक्षों, बूथ स्तर तक कार्यरत कार्यकर्ताओं तथा कार्यक्रम से जुड़े पदाधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह सफलता संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता की मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है, जिन्होंने प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने

### कांग्रेसियों ने हर्षोल्लास से मनाया स्थापना दिवस

फतेहाबाद। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 141वां स्थापना दिवस जिला कांग्रेस कार्यालय में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और संविधान व लोकतंत्र की रक्षा के संकल्प को दोहराया गया। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर जनहित, सामाजिक न्याय और देश की एकता के लिए संघर्ष को और तेज करने का प्रण लिया।

### घर में घुसकर परिवार पर किया हमला

सिरसा। जिला के गांव जोधकां में एक घर में घुसकर कुछ युवकों ने परिवार पर हमला कर दिया जिसमें महिला और उसकी बेटी को चोटें लगी है। पुलिस को दी शिकायत में जोधकां निवासी संतलाल ने बताया कि बीते दिवस की रात को उसकी पत्नी व बेटी खेत में बनी ढाणी में अकेली थी। उसी समय उसकी साली का लडक़ा अभिषेक व जोधकां का उमेद 8-10 लडक़ों के साथ बाइक और गाड़ी में सवार होकर उनके घर आए, उनके हाथ में लाठी-डंडे थे। शिकायत में बताया उनके साथ गाली-गलौज करने लगे।

### बच्चों की प्रतिभा को उभारने के लिए मंच जरूरी: गुरविंद्र

सिरसा। बच्चों में छिपी प्रतिभा को उभारने के लिए मंच की आवश्यकता होती है। यदि बच्चों को उचित मंच मिलें तो वे अपनी छिपी क्षमताओं का बेहतर प्रदर्शन कर सकते है। सिटी सेंटर ने सिरसा के बच्चों को चित्रकला, नृत्य एवं फैंसी ड्रेस में अपनी प्रतिभा को सामने लाने का शानदार मंच प्रदान किया है। उक्त उद्गार भाई कन्हैया आश्रम के संचालक एवं पदमश्री स. गुरविंद्र सिंह ने श्रीमत सिटी सेंटर द्वारा आयोजित बच्चों की विविध प्रतियोगिता के शुभारंभ मौके पर बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए।

### तीन हेरोइन तस्करों को किया गिरफ्तार

फतेहाबाद। टोहाना पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन मामलों में तीन दो युवकों को हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि अपराध अनुसंधान शाखा टोहाना की टीम गश्त व संदिग्ध व्यक्तियों की जांच के दौरान टोहाना-हिसार रोड स्थित नरवाना टी-प्वाइंट के पास मौजूद थी। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने एक युवक को काबू किया, जिसकी पहचान विक्रम उर्फ काला निवासी गांव कालवन, तहसील नरवाना, जिला जींद के रूप में हुई।

### जतिंद्र सिंह ने संभाला कुलां चौकी का कार्यभार

टोहाना। कुलां पुलिस चौकी में जतिंद्र सिंह ने चौकी प्रभारी का कार्यभार संभाल लिया है। उनके पदभार ग्रहण करने के बाद क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस चौकी में उनका स्वागत किया और बेहतर पुलिसिंग की उम्मीद जताई। निवर्तमान चौकी प्रभारी प्रभारी दलबीर सिंह ने नए चौकी प्रभारी जतिंद्र सिंह को चौकी क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, संवेदनशील स्थानों, आपराधिक गतिविधियों और प्रशासनिक कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रभार सौंपा।


## शहर के वार्ड 4 व 5 के साथ पुराना बाजार में ली गई तलाशी

# रतिया में नशे के खिलाफ मैदान में उतरे एसपी घनी धुंध के बीच चलाया तलाशी अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले के रतिया क्षेत्र में नशे से युवाओं की मौत के बढ़ते मामलों के बाद अब पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन स्वयं मैदान में उतर आए हैं। सोमवार सुबह घनी धुंध और ठंडी हवाओं के बीच एसपी सिद्धांत जैन रतिया पहुंचे और पुलिस टीम के साथ शहर के वार्ड 4 व 5 के अलावा पुराना बाजार में तलाशी अभियान चलाया। एसपी के साथ थाना शहर रतिया प्रभारी महिला निरीक्षक पुष्पा, स्थानीय थाना पुलिस तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। अभियान को पूर्व नियोजित रणनीति के तहत अंजाम दिया गया, ताकि किसी भी अपराधी को भागने या छिपने का अवसर न मिल सके। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने पुराना बाजार की तंग गलियों, वार्ड 4/5 के संवेदनशील क्षेत्रों, संदिग्ध ठिकानों, किरायेदारों के आवासों, दुकानों एवं सार्वजनिक स्थानों की गहन तलाशी ली। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई, उनके पहचान दस्तावेजों की जांच की गई तथा क्षेत्र में रह रहे बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। अचानक पुलिस कार्रवाई से कई संदिग्ध तत्वों में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। एसपी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अपराध, नशा तस्करी, चोरी, अवैध गतिविधियों तथा अपराधियों को संरक्षण देने वालों के खिलाफ किसी भी प्रकार की नरमी न बरती जाए। उन्होंने कहा कि सुबह-सुबह चलाए जाने वाले ऐसे अभियान अपराधियों की मानसिकता पर सीधा प्रहार करते हैं और यह स्पष्ट संदेश देते हैं कि पुलिस हर समय सतर्क, सक्रिय और तैयार है। एसपी ने स्थानीय पुलिस को निर्देशित किया कि संवेदनशील इलाकों में नियमित गश्त, अचानक सर्च अभियान तथा सतत निगरानी को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।


रतिया। क्षेत्र में तलाशी अभियान का नेतृत्व करते एसपी सिद्धांत जैन।


फतेहाबाद। गांव अयाल्की में ट्रस्ट टीम के साथ नशे के खिलाफ अभियान चलाते भवानी सिंह।

### अयाल्की में नशे की भेंट चढ़े 27 युवा : भवानी सिंह

फतेहाबाद। जिले में नशे के खिलाफ युद्धस्तर पर अभियान चला रहे महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गांव अयाल्की में एक संकल्प-नशे के खिलाफ यात्रा निकाली गई। इस यात्रा के दौरान ट्रस्ट की टीम ने गांव के घर-घर जाकर परिवार के लोगों से बातचीत की। परिवार में कितने लोग नशा करते हैं, इसका फीडबैक लिया गया वहीं ग्रामीणों को नशा न करने का संकल्प भी करवाया गया। ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने चिंताजनक आंकड़े प्रस्तुत करते हुए खुलासा किया कि ट्रस्ट टीम द्वारा किए गए सर्वे में पाया गया कि इस गांव में नशे के कारण अब तक 27 युवाओं की मौत हो चुकी है वहीं 117 युवा नशे से ग्रस्त पाए गए। यह युवा शराब, नशीली गोलियों, चिट्टे आदि का नशा करते हैं। भवानी सिंह के अनुसार इन युवाओं की काउंसलिंग कर इन युवाओं को नशा छोडने के लिए जागरूक किया जाएगा। इन्हें नशामुक्ति केन्द्र में भर्ती करवाकर ट्रस्ट द्वारा इनका उपचार करवाया जाएगा ताकि युवा पीढ़ी को उजडने से बचाया जा सके। गांव अयाल्की में संकल्प यात्रा का नेतृत्व कर रहे भवानी सिंह ने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना और ग्रामीणों को एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। ट्रस्ट की टीम ने गांव के प्रत्येक घर में जाकर युवाओं को जागरूक किया और ग्रामीणों को संकल्प दिलाया कि वे स्वयं किसी भी प्रकार के नशे (शराब, धूम्रपान, ड्रग्स आदि) का सेवन नहीं करेंगे। अपने परिवार और पड़ोस को नशे से दूर रखने का प्रयास करेंगे। गांव में अवैध नशा बेचने वालों की सूचना प्रशासन को देंगे। भवानी सिंह ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है। ट्रस्ट टीम ने युवाओं से खेलों से जुडने का आह्वान करते हुए कहा कि ट्रस्ट द्वारा गांव में चार एकड़ में खेल ग्राउंड तैयार किया गया है, जहां युवाओं के लिए कोच, खेल का सामान व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं।

## नन्हे बच्चों ने नृत्य व गायन की प्रस्तुतियों से बांधा समां


फतेहाबाद। अपेक्स कॉन्वेंट के वार्षिक उत्सव में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

- अपेक्स कान्वेंट स्कूल में 'ओडिसी' थीम पर आधारित वार्षिक उत्सव का धूमधाम से हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

सतीश कॉलोनी स्थित अपेक्स कान्वेंट स्कूल में विद्यालय का 18वाँ वार्षिक उत्सव ओडिसी थीम पर आधारित 'ओडिसी : विकास, मूल्यों और सपनों की यात्रा-शैशव से राष्ट्र निर्माण तक' अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय संरक्षक सतीश चराईपोत्रा, विद्यालय प्रबंधन कमेटी के सदस्य चंद्रकांता चराईपोत्रा, अमित मक्कड़, रीत मक्कड़, अंशुल मेहता एवं स्पर्श मेहता, प्राचार्य उमंग कक्कड़ के अलावा प्रधानाचार्य विनोद अरोड़ा, उपप्रधानाचार्या सुमेधा, संदीप सिंह हेड ऑफ सीनियर डिपार्टमेंट अपेक्स पब्लिक स्कूल विशेष तौर पर मौजूद रहे। सभी सदस्यों ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। नन्हे विद्यार्थियों से लेकर वरिष्ठ कक्षाओं तक के छात्रों ने नृत्य, नाट्य, गायन एवं समूह प्रस्तुतियों के माध्यम से शैशव अवस्था से लेकर राष्ट्र निर्माण तक की यात्रा को अत्यंत प्रभावी और सजीव ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया।

#### राष्ट्रगान से हुआ समापन

प्राचार्य ने यह स्पष्ट किया कि विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा-परिणाम तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, तार्किक सोच, रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक संवेदनशीलता और डिजिटल दक्षता विकसित करना है। शिक्षकों की निष्ठा, विद्यार्थियों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग को विद्यालय की प्रगति का सशक्त आधार बताया गया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से डायरेक्टर अमित मक्कड़ ने कहा कि 'ओडिसी' जैसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## नौकरियों में हरियाणावासियों का हक मार रही सरकार: दीपेंद्र

सिरसा। रोहतक से सांसद एवं कांग्रेसी नेता दीपेंद्र हुड्डा ने प्रदेश की नायब सिंह सैनी सरकार पर हरियाणा के बच्चों के साथ नौकरियों के मामले में भेदभाव का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा की सरकार रिमोट कंट्रोल से बाहर से चलाई जा रही है। हरियाणा के बच्चे डंकी रूट से विदेशों में पलायन कर रहे हैं जबकि नौकरियों के मामले में दूसरे प्रदेशों से हरियाणा में पलायन करवाया जा रहा है। दीपेंद्र हुड्डा सोमवार को सिरसा के विधायक गोकुल सेतिया के आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर उनके साथ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व ओएसडी डॉ. केवी सिंह, विधायक भरत सिंह बैनीवाल, शीशपाल केहरवाला, फतेहाबाद के विधायक बलवान दौलतपुरिया, रतिया के विधायक जरनैल सिंह, राहुल सेतिया सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। सांसद ने जिला में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने नौकरियों के मामले में प्रदेश सरकार को घेरते हुए कहा कि आज ग्रुप ए, बी व सी के मामलों में बाहरी प्रदेशों के बच्चों का चयन किया जा रहा है, जबकि हरियाणा के बच्चों के साथ भेदभाव किया जा रहा है।


पत्रकारों से बातचीत करते सांसद दीपेंद्र हुड्डा।

## आरपीएस में क्लेट और एलेट टॉपर्स के लिए भव्य सम्मान समारोह आयोजित

- मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया

महेंद्रगढ़। शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान रखने वाले आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद में सोमवार को 'शिखर' सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर की विधि प्रवेश परीक्षाओं क्लेट एवं एलेट 2026 में ऐतिहासिक सफलता दर्ज करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में राजस्थान न्यायिक सेवा की अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश आंचल अग्रवाल मुख्यातिथि थे, वहीं अध्यक्षता आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने की। सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आरपीएस ग्रुप ने एकबार फिर साबित कर दिया है कि यहां की शिक्षा पद्धति राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विद्यालय के 101 से अधिक विद्यार्थियों ने क्लेट क्वालीफाई किया है, जिसमें कृष्ण कुमार ने अपनी कैटेगरी में एआईआर-1 प्राप्त कर विद्यालय का नाम पूरे देश में रोशन किया है। इसके साथ ही पीयूष ने भी हरियाणा रैंक-1, महक एआईआर-3, एलेट और स्पंदन एआईआर-27 एलेट जैसी उपलब्धियां ऐतिहासिक हैं। इसके अलावा क्लेट में अक्षिता रैंक, ऋषभ रैंक, महक रैंक, ज्योति रैंक 2, श्रेयसी रैंक, नव्या रैंक 4, श्रेया कम्बोज रैंक 7, कुसुमलता रैंक, अंशु रैंक 10, पीयूष रैंक 11, शिखा रैंक 12, लक्षिता रैंक 13, प्रतीक्षा रैंक 19, उषा रैंक 21, वल्लिका रैंक 23, प्राशी गुप्ता रैंक 26, वैभवी सुरेरिया रैंक 28, माही राव रैंक 32, स्पंदन रैंक 33, हंशिका रैंक 38 प्राप्त कर विद्यालय में क्षेत्र का नाम रोशन किया है।


महेंद्रगढ़। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## कौन कहां से चुनाव लड़ेगा, समय आने पर उसका निर्णय पार्टी करेगी : सुनैना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

इंडियन नेशनल लोकदल की प्रदेश महिला प्रभारी सुनैना चौटाला ने कहा कि प्रदेश में आज के दिन इनेलो का ग्रॉफ सबसे ऊपर है। प्रतिदिन बड़ी तादाद में लोग दूसरे दलों को छोड़कर इनेलो में शामिल हो रहे हैं। इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला की बढ़ती लोकप्रियता के कारण आने वाले समय में भी इनेलो में बड़े कद के नेता शामिल होंगे। पूर्व मंत्री चौधरी संपत सिंह, पूर्व मंत्री वासुदेव शर्मा और पूर्व विधायक भरत सिंह छोकर जैसे दिगज नेताओं के इनेलो में शामिल होने पर पार्टी को बड़ी ताकत मिली है। सम्पत सिंह के इनेलो टिकट पर फतेहाबाद से चुनाव लडऩे को लेकर चल रही चर्चाओं पर सुनैना चौटाला ने कहा कि चुनाव कौन कहां से चुनाव लड़ेगा, समय आने पर उसका निर्णय पार्टी करेगी और फिलहाल वे फतेहाबाद में पूरी तरह से सक्रिय हैं। उन्होंने पार्टी के निर्णय पर ही फतेहाबाद से पिछला विधानसभा चुनाव पूरी ताकत के साथ लड़ा था और आगे भी पार्टी जो भी निर्णय करेगी वे उसका पूरे तन मन और धन से निर्वाह करेंगी। सुनैना चौटाला ने कहा कि हमारे सभी नेता किसी भी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लडऩे में पूरी तरह से सक्षम हैं।


सुनैना चौटाला।

### एएसपी ने किया पुलिस परेड का निरीक्षण

फतेहाबाद। पुलिस लाइन फतेहाबाद में सोमवार को साप्ताहिक पुलिस परेड का आयोजन किया गया। परेड का निरीक्षण सहायक पुलिस अधीक्षक दिव्यांशी सिंगला द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों की ड्रिल, टर्नआउट और अनुशासन का अवलोकन करते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि एक संगठित एवं सजग पुलिस बल ही समाज में सुरक्षा का भरोसा कायम रखता है। निरीक्षण उपरांत एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने कहा कि पुलिस सेवा अनुशासन, समर्पण और संवेदनशीलता से जुड़ी जीवनशैली है। उन्होंने बल को मानसिक रूप से मजबूत रहने, नियमित अभ्यास करने और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## राष्ट्रपति से सम्मानित पैरा एथलीट ज्योति का स्कूल पहुंचने पर स्वागत

- पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढां

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों सम्मानित पैरा एथलीट ज्योति का पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय ओढा. में पहुंचने पर भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ललित कालडा, उप प्राचार्य नवीन लांबा व प्रबंधन समिति ने छात्रा ज्योति, उसके माता-पिता व अन्य सभी का फूल माला डालकर व पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। प्राचार्य ललित कालडा ने अपने संबोधन में कहा कि मुझे नाज़ है कि ज्योति हमारे विद्यालय की छात्रा है। दिव्यांग होने के बावजूद भी ज्योति ने आत्मविश्वास के साथ बेहतर खेल प्रदर्शन करते हुए यह मुकाम हासिल किया। खेलों में नेशनल एवं इंटरनेशनल स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर दर्जनों मेडल हासिल करने वाली ज्योति को बीती 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से सम्मानित किया गया था।



ओढां। ज्योति को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए प्राचार्य व स्टाफ सदस्य ।

### पूरन मुद्गल स्मृति शृंखला-6 का आयोजन

सिरसा। भगत सिंह संस्थान द्वारा पूरन मुद्गल स्मृति शृंखला 6 का आयोजन विकास हाई स्कूल सिरसा में करवाया गया। इस मौके पर संस्थान के सचिव विशाल वत्स ने कहा कि पूरन मुद्गल एक पारंगत साहित्यकार और लघु कथाकार थे। वे संजीदा व्यक्तित्व के धनी और सर्वसमाज हित चिंतक थे, जिन्होंने साधारण जीवन व्यतीत करते हुए कई असाधारण महान कार्य किए, जिनके माध्यम से उन्होंने आम जनमानस के दिलों में एक अमिट छाप छोड़ी। वे हमेशा के लिए प्रेरणा बनकर हमारे बीच मौजूद रहेंगे। डॉ. शमीम शर्मा ने अपने पिता पूरन मुद्गल को याद करते हुए बताया कि वे स्वछंद विचारों से ओत प्रोत थे और कुंठामुक्त समाज के समर्थक थे।


सिरसा। देविवि में शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेते अधिकारी।

### सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ ली शपथ

सिरसा। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर राजकुमार ने बताया कि यह अभियान बीती 27 नवंबर से आरंभ हुआ था जो 31 दिसंबर तक संचालित किया जाएगा। इस अभियान की कड़ी में सोमवार को शिक्षा विभाग, सीडीएलयू, सिरसा के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ जिसका उद्देश्य समाज में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के प्रति जागरूकता फैलाना तथा इसे समाप्त करने के लिए सामूहिक संकल्प को मजबूत करना है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षण स्टाफ, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वक्ताओं ने बाल विवाह के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा, कानून और सामाजिक जागरूकता की भूमिका को रेखांकित किया। प्रतिभागियों ने बाल विवाह को जड़ से समाप्त करने का संकल्प भी लिया।

## प्रेस क्लब में आयोजित जर्सी वितरण समारोह से पहले सांसद ने पत्रकारों से की बातचीत

# गोरखपुर अणु विद्युत संयंत्र में 2029 से बिजली उत्पादन शुरू हो जाएगा : बराला

*पीएम श्री स्कूल की जरूरतमंद छात्राओं को जर्सियां वितरित की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि गोरखपुर में बने रहे गोरखपुर परमाणु संयंत्र वर्ष 2029 तक बिजली उत्पादन शुरू कर देगा। इस संयंत्र के शुरू होने से फतेहाबाद सहित प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में लोगों को पर्याप्त मात्रा में बिजली मिल पाएगी। सुभाष बराला सोमवार को यहां प्रेस क्लब द्वारा आयोजित जर्सी वितरण समारोह से पूर्व पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक दुड़ाराम ने की। इस अवसर पर बराला ने पीएम श्री स्कूल की जरूरतमंद छात्राओं को जर्सियां वितरित की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद सुभाष बराला ने कहा कि अरावली पर्वत पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को विपक्ष तोड़-मरोडक़र पेश कर लोगों को उकसाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पूर्ववर्ती सरकारों ने अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए अवैध खनन कराया, जबकि वर्तमान सरकार पारदर्शिता लाने का प्रयास कर रही है। इसी तरह विपक्ष एसआईआर की तर्ज पर जनता को गुमराह कर रहा है। टोहाना को जिला बनाए जाने के सवाल पर सांसद ने कहा कि वे स्वयं चाहते हैं कि टोहाना जिला बने, लेकिन इसके लिए गठित समिति विभिन्न पैरामीटर पर काम कर निर्णय लेती है। हाल ही में संपन्न सांसद खेल महोत्सव को लेकर उन्होंने कहा कि इन खेलों के दूरगामी परिणाम होंगे। इससे गांवों से प्रतिभाएं उभरकर सामने आएंगी, नशे पर रोक लगेगी और युवा खेलों की ओर अग्रसर होंगे। आने वाले समय में सिरसा लोकसभा क्षेत्र से ओलंपिक विजेता भी निकलेंगे।


फतेहाबाद। प्रेस क्लब सदस्यों के साथ छात्राओं को जर्सियां वितरित करते सांसद सुभाष बराला। फोटो : हरिभूमि

### मेडिकल कॉलेज जहां घोषित हुआ, वहीं पर बने

मेडिकल कॉलेज के विवाद पर सांसद सुभाष बराला ने कहा कि जहां मेडिकल कॉलेज घोषित हुआ है, वहीं उसका निर्माण होना चाहिए। मनरेगा के स्थान पर शुरू की गई 'जी-राम-जी योजना' को सही और पारदर्शी बताते हुए उन्होंने कहा कि नई योजना में कार्य क्षेत्र का दायरा बढ़ाया गया है और अब 100 दिनों के बजाय 125 दिन का रोजगार मिलेगा। पूर्व की सरकारों में मनरेगा के नाम पर धन का दुरुपयोग हुआ, जबकि नई योजना में जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और भूजल स्तर बढ़ाने पर फोकस किया गया है।

### रेल मंत्रालय के समक्ष रखा जाएगा रेल लाइन का मामला

परमाणु संयंत्र को लेकर पूछे गए सवाल पर सांसद ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वर्ष 2029 तक यह प्लांट बिजली उत्पादन शुरू कर देगा। फतेहाबाद मुख्यालय को रेल से जोडने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस विषय को वे रेल मंत्रालय के समक्ष रखेंगे। कश्मीरी युवक के साथ फतेहाबाद में हुई मारपीट की घटना को गलत ठहराते हुए सांसद बराला ने कहा कि किसी को जबरदस्ती 'भारत माता की जय' बोलने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता, लेकिन जिस धरती मां से हम रोजी-रोटी कमाते हैं, उसकी जय बोलने पर किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए।